# सृजन और निर्माण के देवता विश्वकर्मा की पूजा आज, औद्योगिक क्षेत्रों में तैयारी पूरी

**राजधानी में 100 से अधिक जगहों पर होती है पूजा, कभी एचइसी के पास लगता था मेला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सृजन और निर्माण के देवता विश्वकर्मा की पूजा करने को लेकर राजधानी में तैयारी पूरी हो गयी है। खास तौर से औद्योगिक क्षेत्र में इस पूजा की विशेष तैयारी है। शहर में विभिन्न जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गयी है। राजधानी में लगभग 100 से अधिक स्थान पर प्रतिमा स्थापित की जाती है।

**बन रहे चार शुभ संयोग :** पंडित रवि पांडेय ने शनिवार को बताया कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा पर इस बार चार शुभ योग बन रहा है। पंचांग के अनुसार, इस साल विश्वकर्मा पूजा के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, द्विपुष्कर योग और ब्रम्ह योग होगा।

### एचइसी में रहा करती थी कभी रौनक

औद्योगिक क्षेत्रों में इस पूजा का खास महत्व है। किसी समय एचईसी में इस पूजा को लेकर काफी उत्साह होता था लेकिन समय के साथ-साथ दिन और हालात बदलने के साथ यह उत्साह अब नहीं रहा। भारतीय मजदूर संघ के महासचिव राणा शंकर प्रसाद कहते हैं कि कर्मचारी अब तो सिर्फ नाम के लिए फैक्ट्री जाते हैं और फोटो की पूजा करके आ जाते हैं जबकि पहले इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता था। एचईसी और इसके आसपास एक मेल सा लगा रहता था, लेकिन आज सन्नाटा पसरा रहता है। इसी कड़ी में एचईसी सप्लाई मजदूर यूनियन के महासचिव उदय कहते हैं कि पहले और आज में बहुत अंतर आ गया अब मूर्ति पूजा ना के बराबर होती है। इसका कारण पैसे का अभाव है अब मजदूर सिर्फ फोटो पर अगरबत्ती दिखा देते हैं। अब वह रौनक गुजरे जमाने की बात हो गई। कर्मचारी सुधीर का कहना है कि पहले 10 दिन पहले से पूजा के आयोजन को लेकर बैठक होती थी। बैठक में यह निर्णय होता था की पूजा समारोह कैसा मनाया जाएगा, लेकिन आज 10-20 रू चंदा करके पूजा की जा रही है। पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम होता था। एचईसी परिसर में मेला लगाता था लेकिन आज स्थिति विपरीत है।

# हरतालिका तीज कल, तैयारी में जुटी महिलाएं, बाजार में रौनक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरितालिका को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में तीज को लेकर रौनक है। महिलाएं अभी से दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंचने लगी हैं। महिलाएं नये वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान आदि की खरीदारी में जुट गई हैं। अपर बाजार की रंगरेज गली में खरीदारी को लेकर महिलाओं की भीड़ देखी गयी। जिससे बाजारों में रौनक देखने को मिल रहा है। आचार्य मनोज पांडे ने बताया कि हरतालिका तीज 18 सितंबर को है। उन्होंने बताया कि पहला व्रत मां पार्वती ने शिवजी के लिए रखा था। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखती हैं।



तीज को लेकर मेहंदी लगवातीं महिलाएं

# लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने की आत्महत्या, प्रेमी से हो रही पूछताछ

**जमशेदपुर की रहनेवाली थी युवती**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के पुंदाग ओपी क्षेत्र में युवती ने अपने ही कमरे में शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। युवती रांची के ही कडरू स्थित एक फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। वह पुंदाग में एक युवक के साथ लिव-इन में रहती थी। पुलिस ने युवती के लिव इन पार्टनर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**क्या है पूरा मामला :** पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टॉवर में रहने वाली सना नाम की एक युवती ने अपने ही फ्लैट के कमरे में सुसाइड कर लिया। सना एकलव्य टावर के ए ब्लॉक के फ्लैट नम्बर 302 में राजीव नाम के एक युवक के साथ लिव इन में रहती थी। राजीव ने सना को अस्पताल ले गया लेकिन डाक्टरों ने लड़की को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एहतियातन राजीव गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। सना के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई है।

### विवाद में बाद समाप्त कर ली अपनी जिंदगी

पुंदाग ओपी को दिए अपने बयान में सना के लिव-इन पार्टनर राजीव गुप्ता ने बताया है कि रात के समय सना और उसका कुछ मामले को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद ही सना ने अपने कमरे में जाकर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। इसके बाद उसने बड़ी मुश्किल से सना को अस्पताल ले गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दोनों एक ऑफिस में करते थे काम

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सना और राजीव दोनों ही झारखंड के जमशेदपुर के रहने वाले हैं। दोनों रांची के कडरू स्थित एलएनटी फाइनेंस कंपनी में काम करते थे और एकलव्य टावर में एक फ्लैट लेकर लिव इन में रह रहे थे। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि प्रथम द्रष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद इसमें आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बढ़ रही आराधिक घटनाओं को लेकर पीसीआर और टाइगर के जवानों को मिला निर्देश**

# अलर्ट रहें पीसीआर और टाइगर के जवान लापरवाही पर होगी कार्रवाई: सिटी एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में महिलाओं के साथ छिनतई की वारदात में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। भीड़ वाले इलाके में अपराधी भी दिनदहाड़े घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में थानों के अलावा राजधानी रांची में तैनात पीसीआर और टाइगर जवानों की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। राजधानी रांची की सुरक्षा के लिए कुल 30 पीसीआर वैन में 120 जवान, 50 टाइगर मोबाइल पर 100 जवान दिन रात मुस्तैद रहते हैं बावजूद राजधानी में मोबाइल, चेन की छिनतई जैसी वारदात रुक नहीं रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि पीसीआर और टाइगर में पदस्थापित जवान मुस्तैदी से ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। जिससे रांची पुलिस की फजीहत हो रही है।



रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रांची पुलिस लाइन में शनिवार को राजधानी के सभी पीसीआर और टाइगर जवानों को इन्हीं मामलों को लेकर निर्देश दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह चिन्हित हॉटस्पॉट के साथ-साथ गली मोहल्ले में भ्रमणशील रहें ताकि आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

सिटी एसपी ने बताया कि पीसीआर और टाइगर जवानों को महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। खासकर सुबह के समय स्नैचिंग की घटनाएं ज्यादा होती हैं, ऐसे में पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने की जरूरत है। ब्रीफिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में हर हाल में अपराध को रोकने में सहयोग करें।

**व्यवहार को लेकर आ रही है शिकायत**

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि हाल के दिनों में पुलिसकर्मियों के द्वारा आम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार की कई शिकायतें आई हैं। यही वजह है कि ब्रीफिंग में सभी पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह पब्लिक के साथ अपना व्यवहार सही रखें। अगर गलत व्यवहार और गलत तरीके से बात करने की शिकायत मिलती है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**हेल्पलाइन नंबर को लेकर रहें एक्टिव**

किसी भी संकट की स्थिति में लोग डायल 100 पर कॉल करते हैं। अब डायल 112 की सुविधा भी राजधानी में मिलने लगी है। ऐसे में ये दो बेहद कारगर हेल्पलाइन नंबर आम लोगों के लिए हैं जिससे वे किसी भी समय पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में जरूरत है कि 112 के रिस्पॉन्डिंग समय को बेहतर किया जाए। सभी पीसीआर और टाइगर जवानों को यही हिदायत दी गई कि वह इमरजेंसी नंबर के द्वारा मिली जानकारी के आधार पर तुरंत एक्टिव होकर कार्रवाई करें।

**पीसीआर का बढ़ा दायरा**

आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए राजधानी और आसपास के इलाकों में तैनात पीसीआर के कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ाया जा रहा है। यह बदलाव रांची में अपराध की घटनाओं को देखते हुए किया गया है। अब पीसीआर गली मोहल्लों में भी गश्त करेंगे और जहां पीसीआर प्रवेश नहीं कर पाएगी, वहां पुलिस का बाइक दस्ता प्रवेश करेगा।

**खबर एक नजर में**

### पीएम के जन्मदिन पर भजन-कीर्तन आज

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा और किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्का मोड़ चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव मनाया जायेगा। यह जानकारी कुमुद झा ने दी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के मौके पर दिन के 11.30 बजे से पूजा भजन कीर्तन रखा गया है।

### गेतलसुद डैम में मछलियों की मौत पर विभागीय मंत्री गंभीर, विभागीय सचिव को जांच के आदेश

**रांची।** गेतलसूद में मछलियों की मौत के बाद विभागीय मंत्री बादल ने गंभीरता से लिया है। मछलियों की मौत की जांच के आदेश उन्होंने विभागीय सचिव को दे दिए हैं। श्री बादल ने कहा कि गेतलसूद में कुल 24 केज हैं, जिनमें से 4 केज में मछलियों की मौत हुई है। समिति के अध्यक्ष की मानें तो करीब 8 हजार मछलियों की मौत हुई है। जबकि महेशपुर केज में सभी मछलियां सुरक्षित हैं। श्री बादल के आदेश के बाद विभाग के सचिव ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि रविवार को मामले की जांच करें और मत्स्य पालकों को बीज और सीड दोनों उपलब्ध कराएं। अगर जल किसी कारण से प्रदूषित हुआ है तो, जांच कर अविलंब रिपोर्ट करें।

### डोरंडा निवासी अमित विवेक तिग्गा लापता



**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र से विगत 11 सितंबर से हिनू बस्ती, शुक्ला कॉलोनी निवासी अमित विवेक तिग्गा लापता है। उनकी उम्र लगभग 45 वर्ष है, कद 5 फीट रंग सांवला है। इस संबंध में उनके छोटे भाई उत्तम आशीष तिग्गा ने डोरंडा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि वह 10 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे घर से निकले और अभी तक वापस घर नहीं लौटे हैं। डोरंडा थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सड़कों और फुटपाथ पर दुकान लगाने पर अब होगी कार्रवाई

**20 सितंबर से चलेगा अभियान**

**रांची।** राजधानी रांची पुलिस ने दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकान सड़क और फुटपाथ पर ना लगाएं। पुलिस ने अपील की है कि दुकानों का सामान सड़क पर लगाने से निगम क्षेत्र में जाम लगता है। एक तो ऐसे ही शहर में फ्लाईओवर के निर्माण के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पर बोझ बढ़ा है। ऐसे में आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ठेले, खोमचे वाले अथवा अन्य स्ट्रीट वेंडर आवागमन को बाधित नहीं करें। सभी नागरिकों से अपील है कि एंबुलेंस की आवाज सुनने पर उसे आगे जाने का रास्ता दें। ऐसा करने से कई लोगों की जान बच सकती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को जहां-तहां नहीं लगाएं। इन सभी कार्यों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के लिए 20 सितंबर से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**एसएसपी का आदेश बेअसर**

# पुलिसकर्मी खुलेआम कर रहे हैं ट्रैफिक नियम का उल्लंघन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश के बावजूद राजधानी में कई पुलिसकर्मी खुलेआम ट्रैफिक नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। शनिवार को गुदड़ी बाजार के पास एक बाइक पर बैठे दो पुलिसकर्मी बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते देखे गये। गौरतलब है कि शुक्रवार को एसएसपी ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के लिए अलग से आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि रांची जिला में पदस्थापित कई पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन का उपयोग करते समय यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाता है, जो बिल्कुल नियम संगत नहीं है। ट्रैफिक नियम सभी के लिए एक समान है। आदेश में एसएसपी ने कहा है कि सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे। हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगे। नियमों का अनुपालन नहीं किया जायेगा तो नियमानुसार जुर्माना के अलावा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।



# चैंबर चुनाव : आचार संहिता जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुनावी आचार संहिता को लेकर प्रत्याशियों के साथ चुनाव समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि 24 सितंबर को बिरसा मुंडा फुटबॉल ग्राउण्ड में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। आमसभा 22 सितंबर को चेंबर भवन में आयोजित की गयी है। चैम्बर के संविधान के अनुसार आमसभा से 30 दिन पूर्व बने लाइफ, कॉरपोरेट लाईफ और पैट्रोन सदस्य और 90 दिन पूर्व बने जेनरल, एफिलिएटेड और कॉरपोरेट जनरल श्रेणी के सदस्य ही मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। चुनाव पदाधिकारियों ने सभी प्रत्याशियों और मतदाताओं से मतदान स्थल और उसके आसपास सफाई व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। यह भी बताया कि चुनाव में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मतदान स्थल पर एसोसिएशन के पदाधिकारी और विद्यार्थी चुनाव समिति और मतदाताओं का सहयोग करेंगे।

बैठक में चुनाव पदाधिकारियों के अलावा प्रत्याशियों में किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, रोहित पोद्दार, सुनिल केडिया, ज्योति कुमारी, अनिस सिंह, संजय अखौरी, श्रवण कुमार, साहित्य पवन, सुमित कक्कर, संतोष उरांव, संजय सिंह उपस्थित थे।

**महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी ने नयी कमेटी का किया विरोध, रखा अपना सवाल**

# संकट मोचन हनुमान मंदिर : 1974 से सेवा कर रहा हूं किस आधार पर किया गया नयी कमेटी का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा घोषित संकट मोचन हनुमान मंदिर की नयी कमेटी के गठन का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पहले कोई मंदिर कमेटी नहीं थी। सन 1974 से मैं रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर की सेवा कर रहा हूं। सन 1987 में गुरुजी के शरीर त्यागने के बाद से मैं इस मंदिर का संचालन कर रहा हूं, फिर किस आधार पर मंदिर कमेटी को भंग करके नयी कमेटी का गठन किया गया? उन्होंने कहा कि इस मंदिर का संचालन निर्मोही अखाड़ा अयोध्या के साधु-संत समाज शुरू से करते आ रहे हैं और आगे भी निर्मोही अखाड़ा के माध्यम से मंदिर संचालित होगा।



इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत सिंह, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महामंत्री मुनचुन राय, पुजारी श्यामनंद पांडेय, अभिषेक पाठक, समाज सेवी अमृत रमण, अमित कुमार, निशांत यादव समेत अन्य मौजूद थे।

**सनातन धर्म व सनातनियों पर हमला ठीक नहीं :** रांची के संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने कहा कि सरकार का रवैया सनातन धर्म के प्रति सही नहीं है। सरकार को सनातनियों को बार-बार तंग नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सनातन को मिटाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई के बजाय मंदिर और सनातन की संस्कृति के प्रति आघात पहुंचाया जा रहा है।

**देश के मंदिरों व मठों को मिले आजादी :** रांची के संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने कहा कि चाहे कोरोना हो या पथराव। सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने सुध लेने की जहमत नहीं उठाई। ये मंदिर समाज का है। इस मंदिर को सरकार अपना नियंत्रण में लेना चाह रही है, जो गलत है।

**मंदिरों की नयी कमेटियों का जताया विरोध :** इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत सिंह, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महामंत्री मुनचुन राय, पुजारी श्यामनंद पाण्डेय, अभिषेक पाठक, समाज सेवी अमृत रमण, अमित कुमार, निशांत यादव समेत अन्य मौजूद थे। सभी ने झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित मंदिरों की नयी कमेटियों को लेकर विरोध जताया।

### हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित मंदिरों की नयी कमेटियों का विरोध

संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने कहा कि वे 1974 से रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर की सेवा कर रहे हैं। 1987 में गुरुजी के शरीर त्यागने के बाद से वे इस मंदिर का संचालन कर रहे हैं। इस मंदिर का संचालन निमोर्हीं अखाड़ा अयोध्या के साधु-संत समाज शुरू से करते आ रहे हैं और आगे भी निमोर्हीं अखाड़ा ही मंदिर संचालित करेगा। सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने कभी सुध नहीं ली। अन्य धर्मस्थलों की तरह इस मंदिर को सरकार अपना नियंत्रण में लेना चाह रही है। देश के सभी मंदिरों व मठों को आजादी मिलनी चाहिए। सरकार का रवैया सनातन धर्म के प्रति सही नहीं है। कार्रवाई के बजाय मंदिर और सनातन की संस्कृति पर आघात पहुंचाया जा रहा है। सभी ने झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित मंदिरों की नयी कमेटियों को लेकर विरोध जताया।

**न्यास बोर्ड का कोई भी सदस्य आज तक मंदिर नहीं आया**

महंत श्री श्री 1008 सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के कदम का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कौन न्यास समिति है? आज तक मंदिर में न्यास बोर्ड का कोई सदस्य नहीं आया। इस मंदिर का संचालन निमोर्हीं अखाड़ा अयोध्या के साधु-संत समाज शुरू से करते आ रहे हैं और आगे भी निमोर्हीं अखाड़ा के माध्यम से मंदिर संचालित होगा।

# रांची नगर आयुक्त को 6 अक्टूबर को हाई कोर्ट में हाजिर रहने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर नाराजगी जताई। साथ ही नगर आयुक्त को अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम द्वारा इस मामले न तो अपना पक्ष रखा गया और न ही आदेश का अनुपालन किया गया। रांची नगर निगम की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी को फोर्थ ग्रेड से थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति देने के संबंध में रांची नगर निगम का कोई प्रोविजन नहीं है, इसलिए उनका आवेदन खारिज किया जाता है।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट में नगर विकास विभाग के शपथ पत्र की आलोक में निगम आयुक्त, रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह 3 सप्ताह में रांची नगर नगर निगम के फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन पर निर्णय लें। सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि नगर विकास विभाग ने 29 जुलाई 2022 को एक निर्णय लिया था।

इस निर्णय में नगर विकास विभाग ने कहा था कि चुकी रांची नगर निगम के फोर्थ ग्रेड के कर्मियों के प्रमोशन के संबंध में रांची नगर निगम ने 10 दिसंबर 2007 में ही अपने स्थापना समिति की बैठक में निर्णय ले लिया था। इसके बाद झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कैडर रूल 2014 आया है। यह प्रमोशन का मामला उक्त नियमावली आने के पहले का है। इसलिए फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लेने के लिए रांची नगर निगम स्वयं जिम्मेदार है एवं सक्षम प्राधिकार है।

नगर विकास विभाग के निर्णय के आलोक में फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन के संदर्भ में रांची नगर निगम खुद ही फैसला ले सकती है। मामले में रांची नगर निगम कर्मचारी संघ की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

# गुरु ग्रंथ साहिब महाराज का पावन प्रकाश पर्व उत्साह के साथ मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गुरु ग्रन्थ साहिब महाराज का पावन प्रकाश पर्व समूह संगत के सहयोग से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मेन रोड की ओर से शनिवार को गुरु नानक स्कूल में बहुत ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह में समूह संगत के सहयोग से गुरु ग्रन्थ साहिब का पावन सहज पाठ किया गया।

पाठ के उपरांत हजूरी रागी जत्था भाई भरपूर सिंह की ओर से दीवान की आरंभता गुरु जी की पावन बानी ..., आवो सिख सतगुरु के पियारिओ गावो सच्ची बानी..., बानी गुरु, गुरु है बानी विच बानी अमृत सारे ..., संता के कारज आप खलोया, हर कम करावण आया राम ... एवं अमृत बानी हर हर तेरी सुन सुन होवे परमगत मेरी ... आदि गायन से किये गये। स्त्री सतसंग सभा की महासचिव बीबी खेम कौर राज होरा की ओर से गुरबानी शब्द वाह वाह बानी निरंकार है ... गायन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई विक्रम सिंह ने गुरु जी की बानी के पावन उपदेश पर चलने का उपदेश दिया। इसके उपरांत विशेष तौर पर आये रागी जत्था भाई बलप्रीत सिंह लुधियाना वाले की ओर से गुरु जी की पावन बानी ..., नित उठ गावो प्रब की बानी ... एवं जप मन मेरे गोबिंद की बानी ... आदि शबद का गायन किया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी विक्रम सिंह ने अरदास कर दीवान की समाप्ति की। समाप्ति के उपरांत गुरु का लंगर चलाया गया।

यह जानकारी देते हुए गुरुद्वारा साहिब के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने समूह संगत को गुरु ग्रन्थ साहिब के पावन प्रकाश पर्व की लख लख वधाई दी।। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष बनने पर सरदार ज्योति सिंह माथारू को गुरुद्वारा साहिब की और से बधाई एवं सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गुरु नानक स्कूल के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह को भी गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह की ओर से सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह, गगनदीप सिंह, सुरजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह, रनप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, धियान सिंह, गुरदीप सिंह टिवाना, गुरदीप सिंह टिंकू, परमजीत सिंह, कुलतार सिंह, मोहन सिंह प्रोफेस्सर हर्मिंदर बीर सिंह, गुरिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

## आज्ञा भई अकाल की तबै चलाओ पंथ, सब सिखन को हुकम है गुरु मान्यो ग्रंथ



**रांची।** गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में शनिवार को गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष दीवान सजाया गया । विशेष दीवान की शुरुआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा वाणी निरंकार है भई वाणी निरंकार है... शबद कीर्तन से हुई। तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने रंग रता मेरा साहिब रब रहया भरपूर ..., लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुर नदर करे ... तथा डिठे सभे थाव नहीं तुध जेहिया ... आदि शबद गायन कर संगत को गुरुवाणी से जोड़ा। विशेष रूप से पधारे भाई बलप्रीत सिंह लुधियाना वाले ने आज्ञा भई अकाल की तबै चलाओ पंथ सब सिखन को हुकम है गुरु मान्यो ग्रंथ ... जैसे कई शबद गायन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह ने कथा वाचन में ' सब सिखन को हुक्म है गुरु मानयो ग्रंथ ' का उल्लेख करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के बारे विस्तार से बताया। आज के समागम में सुंदर दास मिढ़ा, द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, अमरजीत गिरधर, अशोक गेरा, जीवन मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, सुरेश मिढ़ा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, बसंत काठपाल, महेश सुखीजा, पंकज मिढ़ा, अनूप गिरधर, हरीश मिढ़ा, विनोद सुखीजा, रमेश गिरधर, अश्विनी सुखीजा, नीरज गखड़, डॉ अजय छाबड़ा, अमरजीत सिंह, आशु मिढ़ा, कमल मुंजाल आदि शामिल थे। यह जानकारी सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पनेजा ने दी।

# 110 फीसदी बढ़ा पंडरा बाजार समिति की दुकान और गोदाम का किराया

## पंडरा बाजार समिति के व्यापारियों को अब देने होंगे 11 रुपये प्रति वर्गफीट किराया

खबर मंत्र ब्यूरो

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड के आदेश के आलोक में पंडरा बाजार समिति के सचिव ने बाजार समिति की दुकानों और गोदाम का किराया 110% बढ़ा दिया है। इससे संबंधित खबर दैनिक खबर मन्त्र 30 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था और बताया था पंडरा बाजार समिति की दुकानों और गोदामों का किराया 11 रुपये प्रति वर्गफीट होगा। इसके अलावा, व्यापारियों को किराये पर जीएसटी भी देने होंगे।

बाजार समिति की ओर से अधिसूचना के मुताबिक पंडरा बाजार समिति के दुकानदारों को अब बाजार समिति स्थित सभी दुकान, गोदाम, दुकान सह गोदाम, सैंड्री शॉप और भवनों का किराया पांच रुपये प्रति वर्गफीट से बढ़ाकर 11 रुपये प्रति वर्गफीट के हिसाब से देने होंगे। बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार के मुताबिक यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। निर्धारित किराया व्यापारियों को 16 सितंबर की तिथि ही देने होंगे। उन्होंने बताया कि बेड़ो, नगड़ी, नारो, ओरमांझी, मांडर, मूरी और ठाकुरगांव हाट का भी किराया बढ़ा दिया गया है। बेड़ो के दुकानदारों को अब 14 रुपये प्रति वर्गफीट किराये के रुप में देने होंगे।




**एक नजर में बढ़ा किराया :** पंडरा बाजार समिति की दुकान, गोदाम, सैंड्री शॉप और भवन के किराया अब हर महीने11 रुपये देने होंगे। वहीं बेड़ो हाट की दुकान संख्या 1 से 10 के लिए देने होंगे 10 रुपये प्रति वर्ग फीट और 11 से 23 के लिए देने होंगे 8 रुपये प्रति वर्ग फिट देने होंगी। वहीं, कलेक्टिंग सेंटर के लिए सात रुपए वर्ग फिट देने होंगे। बेड़ो हाट के ही गोदाम संख्या 1 ए,1बी, 1सी एवं दो के लिए 6 रुपये वर्ग फिट देने होंगे।

इसी तरह नारो हाट की 1 से 20 तक की दुकानों का किराया 14 रुपए प्रति वर्गफीट कर दिया गया है। वहीं, 21 से 30 तक का किराया 7 देने प्रति वर्गफीट देने होंगे। मूरी हाट की 1 से 15 तक की दुकानों का किराया 10 प्रति वर्गफीट रुपये देने होंगे। ठाकुरगांव हाट की 1 से 10 तक की दुकानों का किराया 7 रुपये प्रति वर्गफीट देने होंगे। ओरमांझी हाट की 1 से 10 तक की दुकानों का किराया 8 रुपये प्रति वर्गफीट देने होंगे। वहीं, मांडर हाट की एक से चार तक की दुकानों का किराया 10 रुपये और 5 से 9 तक की दुकानों का किराया 7 रुपये प्रति वर्गफीट देने होंगे। इसके अलावा नगड़ी हाट की एक से पांच तक की दुकानों का किराया प्रति वर्गफीट आठ रुपए निर्धारित किए गए हैं। इससे संबंधित आदेश पंडरा बाजार समिति की ओर से जारी कर दिया गया है।

**बेड़ो, नगड़ी, नारो, मूरी ओरमांझी, मांडर और ठाकुरगांव हाट का भी बढ़ा किराया**

**बेड़ो के दुकानदारों को देने होंगे अब 14 रुपये प्रति वर्गफीट किराया**

> भवन नियंत्रक भवन किराया नियंत्रक सह अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर के आदेश के आलोक में जेसीबी एक्ट की धारा 123 के तहत बाजार समिति क्षेत्र के अधीन निर्मित दुकानों गोदाम और भावनाओं का मासिक किराया बढ़ा दिया गया है। यह किराया 16 सितंबर की तारीख से प्रभावित होगा।
>
> **– उत्तम कुमार, सचिव, बाजार समिति।**

# रास्ता विवाद में खूनी संघर्ष, छह जख्मी दोनों पक्षों के कई लोग हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित अहीर टोली में रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोगों ने अहीर टोली को रणक्षेत्र में तब्दील कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर तलवार और लाठी-डंडे से वार किया गया। इस खूनी संघर्ष में कई लोगों के सिर फूटे तो कई के शरीर के दूसरे हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आपसी मारपीट में कुल 9 लोगों को चोटें आईं हैं। सभी का इलाज अस्पताल में करवाया जा रहा है। मारपीट में कई महिलाएं भी घायल हुईं हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है।

दोनों पक्षों में हो रही मारपीट की सूचना किसी स्थानीय ने लालपुर पुलिस को दी। जिसके बाद सिटी डीएसपी दीपक कुमार, लालपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस की कई टीम मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले लोगों को मौके से खदेड़ा। साथ ही घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने मौके से 8 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। जो लोग भी मारपीट करने में शामिल थे, चाहे वह किसी भी पक्ष के हों, उन्हें जेल भेजा जाएगा। कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है।

मारपीट में घायल मनीष कुमार ने बताया कि रास्ते को लेकर विवाद काफी समय से चला रहा है। इसके बावजूद आने-जाने की जगह छोड़ी गई थी। लेकिन उसे भी बंद कर दिया गया था। जब उनका छोटा भाई रास्ते खोलने के लिए वहां गया तो उस पर उनके गोतिया के लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें हमारे कई लोग घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष की सीता देवी ने मनीष कुमार के ऊपर ही मारपीट का आरोप लगाया है। इस मारपीट में महिला समेत कुल नौ लोग घायल हुए हैं।

> रास्ते के विवाद को लेकर दो गोतिया के बीच कई सालों से विवाद चल रहा है। उसी को लेकर दोनों पक्षों ने आपस में मारपीट की है, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। सभी का इलाज अस्पताल में करवाया जा रहा है।
>
> **– दीपक कुमार, एसपी, सिटी, रांची।**

# संत जेवियर्स कॉलेज में ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में आइक्यूएसी के तहत ईको टास्क फोर्स ने शनिवार को ओजोन दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने ओजोन परत को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा-आओ मिलकर संकल्प करें कि ओजोन परत को बचाना है। पृथ्वी को पृथ्वी रहने दो, धरती पर जीवन पलने दो।

जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि ओजोन परत के कारण ही धरती पर जीवन संभव है। यह पृथ्वी पर जीवन के लिए घातक सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को रोकता है। ओजोन परत हमें ग्लोबल वार्मिंग से बचाता है। इसके कारण धरती का ताप संभला रहता है और जन जन का कल्याण होता है।

जागरूकता कार्यक्रम में भाषण, चित्रांकन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इसके माध्यम से ओजोन परत के महत्व और उसके संयोजन को बताया गया। सभी छात्रों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रो भारती रायपत के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संचालित किया गया। जंतु विज्ञान विभाग के छात्र युवराज, अविरल, नीतीश, सिमरन आदि के प्रयासों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में प्रो राकेश रंजन, प्रो मौली चक्रवर्ती, प्रो रमिता सिंह ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ प्रिया श्रीवास्तव छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहीं।

# पंजाबी भवन में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी ने शविार को पंजाबी भवन, में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित किया। इस अवसर पर लगभग 100 पुरषों एवं महिलाओं ने यहां पर अपनी सेहत संबंधित समस्याओं पर चिकित्सीय सलाह ली। इस अवसर पारस अस्पताल के डॉ कुंवर अभिषेक आर्य (हृदय रोग), डॉ नीतू चौधरी (स्त्री रोग) एवं डॉ सुवेश रंजन (सामान्य रोग) ने जांच की। ये जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने दिया। इस अवसर पर बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा, अरुण चावला, अनूप चावला, महिला मंच की अध्यक्ष ज्योति चावला, अनिता सखूजा आदि उपस्थित थे।

# होचर में 'चाचू द ढाबा' का हुआ भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांके, रिंग रोड पर होचर के समीप 'चाचू द ढाबा' का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन परिवार एवं प्रियजनों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

संस्थान के संचालक सुधीर सिंह ने बताया कि हमारे यहां नॉनवेज प्रेमियों के लिए चिकन, मटन, मछली के कई स्वादिष्ट व्यंजन काफी किफायती दरों पर उपलब्ध हैं। साथ ही, वेज (शाकाहारी) व्यंजनों की भी पूरी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि हम हाइजीन पर भी खासा ध्यान देंगे। ग्राहकों को हमेशा फ्रेश एवं स्वादिष्ट खाना परोसना ही हमारे इस होटल खोलने का मुख्य मकसद है।

होटल के मैनेजर शम्मी कुमार ने कहा कि ग्राहक मेन कोर्स खाने के अलावा इंडियन, चाइनीज, तंदूर की कई वेरायटी का भी हो लुत्फ उठा पायेंगे। टेकअवे एवं होम डिलीवरी की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा, हम हर तरह की पार्टी का ऑर्डर भी लेंगे। आशा करते हैं कि हम अपने स्वाद एवं सर्विस की वजह से ग्राहकों की उम्मीद पर पूरी तरह खरा उतरेंगे।

# एचटेक ने भारत में लांच किया ऑनर-90 5जी फोन




**रांची।** एचटेक ने शनिवार को भारत में ऑनरभा 5जी का लॉन्च किए जाने की घोषणा की है। इसमें एआई वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हट्र्ज.की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग का अग्रणी क्वाड़ कई फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर 90 5जी में आज की हमेशा सक्रिय रहने वाली जनरेशन को व्यक्तिगत अनुभव देने के लिये अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों एक ही डिवाइस में दिये गये हैं। एचटेक के सीईओ माधव शेठ ने कहा कि एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर परिवेश के साथ एक मजबूत ब्रांड बापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं।

# सिंटरिंग व बीएफ में 5-10% बायोचार को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा सेल : एके सिंह

## 'बीआइओएस 2023' पर्यावरण रक्षा के लिए आशावादी भावना के साथ हुआ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** बीआइओएस 2023 का दूसरा दिन शनिवार को वैज्ञानिकों एवं प्रतिभागियों के बीच एक आशावादी तर्ज पर संपन्न हुआ। इस्पात सचिव एनएन सिन्हा की अध्यक्षता में समापन सत्र में प्रमुख तथ्य उभर कर आये। इस सत्र में उनके साथ एके सिंह, निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चा माल); आरपी गोस्वामी, निदेशक, ऑयल इंडिया लिमिटेड और डॉ सुजय रक्षित, निदेशक (आइसीएआर-आइआइएबी) थे। इस दो दिवसीय सेमिनार में विभिन्न संगठनों के लगभग 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा कुल 5 तकनीकी सत्रों में 30 प्रस्तुतियों पर विचार-मंथन किया गया।

अपने समापन भाषण में एनएन सिन्हा ने आयोजकों से सेमिनार के सार को एकत्र करने, बड़ी तस्वीर विकसित करने और उन हितधारकों के लिए जो इस सम्मलेन में भाग नहीं ले सके, उनसे भी भविष्य के मूल्यवर्धन के लिए इस ज्ञान को संग्रहित कर सार्वजनिक डोमेन में रखने को कहा। श्री सिंह ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में ब्लास्ट फर्नेस और सिंटरिंग प्रक्रिया दोनों के उपयोग के लिए सेल का दो-आयामी दृष्टिकोण जल्द ही सामने आयेगा। उन्होंने सिंटर में कोक ब्रीज के स्थान पर 5-10% बायोचार का परीक्षण और उपयोग करने के साथ-साथ ब्लास्ट फर्नेस में पलवराइज्ड कोल इंजेक्शन को 5-10% तक से बायोचार बदलने का आग्रह किया।

श्री गोस्वामी ने बताया कि जैव ईंधन पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आ गया है और ऑयल इंडिया लिमिटेड पहले से ही कई जैव ईंधन कार्यों में है, जिसमें असम में हरित हाइड्रोजन के साथ चलने वाली बस एक पहला कदम है। अपने सत्र में उन्होंने ओआइएल में जैव ईंधन के उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसी सत्र में दो स्टार्ट-अप ने भी भाग लिया, जिन्होंने बायोचार उत्पादन के विभिन्न विकेंद्रीकृत तरीकों पर प्रकाश डाला।

डॉ रक्षित ने टिप्पणी की कि देश में बहुत सारे काम अलग-अलग चल रहे हैं, लेकिन उन्हें एकत्रित करने की जरूरत है। इसके अलावा, जीनोम संपादन जैव ईंधन में मदद कर सकता है, जो कि विवादास्पद जेनेटिक इंजीनियरिंग से भिन्न है। उच्च खाद्य मूल्य वाले चावल से समझौता नहीं किया जा सकता है, लेकिन मक्का जैव ईंधन बन सकता है, अगर यह चारे और मुर्गीपालन को प्रभावित न करे। सेमिनार के संगठन सचिव पार्थ बनर्जी ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

बीआइएस की सुश्री अदिति चौधरी ने ठोस ईंधन और जैव ईंधन में 89 भारतीय मानकों को पहले ही प्रकाशित करके मानकीकरण के सक्षम पहलुओं पर प्रकाश डाला। बीएचपी मार्केटिंग सस्टेनेबिलिटी, ऑस्ट्रेलिया की सुश्री लॉरेन नॉर्थ ने 4 अलग-अलग स्टील बनाने की प्रक्रियाओं के लिए अनुकूलन, संक्रमण और ग्रीन एंड स्टेट के 3 चरणों के बारे में बताया।

प्रतिभागियों के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे कोलकाता से शिव शक्ति और दर्पण संस्था ने विशेष रूप से अइया गिरी नंदिनी का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# सहोदया स्कूल का दो दिवसीय प्राचार्य एवं शिक्षक प्रशिक्षण हुआ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के प्राचार्यों व प्रति विद्यालय एक शिक्षक के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का दूसरा दिन एवं इस प्रशिक्षण सत्र का समापन शनिवार को हो गया। कार्यशाला की दूसरे दिन की शुरूआत, डॉ राम सिंह, प्राचार्य, डीपीएस राँची एवं अध्यक्ष, डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स, के संबोधन से प्रारंभ हुआ। सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा, कि हर शिक्षक का अधिकार आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें बौद्धिक तथा सामाजिक रूप से मजबूत बनाना होता है। एक विकसित राज्य की परिकल्पना शिक्षित राज्य से ही पूरी होती है। मौके पर रवि प्रकाश तिवारी, प्राचार्य, डीएवी नंदराज स्कूल ने 'डेवलपिंग कम्पेटेन्सीज' विषय पर अपने विचारो को प्रकट किया। नीता पांडे, प्राचार्य, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल ने पेडागोजिकल प्लानिंग विषय पर प्रतिभगियों को संबोधित किया।

# कृष्णा नगर कॉलोनी गणेश पूजा के मुख्य संरक्षक बने हरविंदर व रमेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्णा नगर कॉलोनी युवक संघ द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित शहीद भगत सिंह चौक में गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर संस्था के संस्थापक रौनक ग्रोवर की अध्यक्षता में कमिटी का गठन किया गया, जिसमें हरविंदर सिंह बेदी और रमेश सिंह को मुख्य संरक्षक तथा डॉ अजय छाबड़ा को संरक्षक बनाया गया। मीडिया का प्रभार नरेश पपनेजा को सौंपा गया। आयोजन की तैयारीयों में संस्था के सूरज झंडई, करण अरोड़ा,जयंत मुंजाल, चंचल ग्रोवर, कुणाल धमीजा, वंश डावरा, गीत सचदेवा, सुमित मिढ़ा, वरुण गेरा, दीपांशु गांधी, कनिश गाबा, साहिल सरदाना,जतिन मिढ़ा और ऋषभ शर्मा जुटे हुए हैं।

## स्पीड न्यूज

### कांके : पत्रकार को मातृशोक



**कांके।** प्रखंड क्षेत्र से दैनिक अखबार के संवाददाता मिल्लत कॉलोनी निवासी गुलाम रब्बानी की मां मेहरून निशा (80 वर्ष) का निधन शुक्रवार की देर रात हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। यह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। शनिवार की शाम पतरा टोली कब्रिस्तान, कांके में उनको सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। निधन पर कांके पत्रकार संघ के अफरोज आलम, वसीम अहमद, राम मनोहर मिश्र, फहीम अखतर, तौकीर अहमद, सुनील गुप्ता, विजय गोप, आकाश तिवारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### सागवान पेड़ के पत्तों पर कीड़ों का आक्रमण

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया सड़क के किनारे लगे सागवान के पेडो के पत्तों को कीड़ों ने चाट गए हैं। पत्तों को चाट कर खाने से ऐसा प्रतीत होता है कि पेड़ सूख कर मर गए हैं। कीड़ों का आक्रमण केवल सागवान के पेड़ों पर ही देखे जा रहे हैं। कुछ माह पूर्व जंगल में भी इन कीड़ो का आक्रमण हुआ था, जहां सारे सखुआ के पत्तों को कीड़े चट कर गए थे।

### रातू : अवैध बालू लदे 11 ट्रैक्टर चालक धराये

**रातू।** बालू माफिया की अब खैर नहीं है। डीएसपी प्रवीण सिंह की ओर से शनिवार की सुबह चलाये गये अभियान के दौरान चालक समेत अवैध बालू लदे 11 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। जैसे ही कारोबारियों को इसकी भनक लगी, दर्जन भर से अधिक चालक ट्रेक्टर लेकर रफू-चक्कर हो गये। जब्त ट्रैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के हैं। श्री सिंह ने चालकों से बालू खनन व गाड़ी से संबंधित कागजात की मांग की तो देने से असमर्थता जतायी।

### विधायक ने की एंबुलेंस सेवा की मांग

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सिल्ली, सोनाहातू, टीकर, टाटा सड़क पर दुर्घटनाओं से अवगत कराया है और पत्र के माध्यम से कहा है कि इस मार्ग पर वाहनों की संख्या अधिक होने पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने सिल्ली, सोनाहातू, टीकर, टाटा सड़क की स्थिति को देखते हुये कार्डियक एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज मांगे पैसे

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुटे निवासी युवक नवाज शरीफ के मोबाइल पर अश्लील विडीओ भेज कर पैसे की मांग की गई। थाना में लिखित षिकायत करते हुए उसने बताया कि उसके मोबाइल पर बाहट्षप कॉल कर बार-बार पैसे की मांग की जा रही है। पैसे नही भेजने पर उसके मोबाइल पर अष्लील विडीओ भेजी जा रही है। इतना ही नही उसके मोबाइल हैक कर उसके खाते से आठ हजार रूपया भी निकाल लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### मुखिया ने मृत महिला का दाह संस्कार कराया

**खलारी।** खलारी प्रखंड के चूरी उतरी मुखिया ने मृत वृद्ध महिला का दाह संस्कार कराया। इस संबंध में चुरी उत्तरी मुखिया ललित देवी ने बताया कि लगभग (70 वर्षीय) वृद्ध महिला कारी देवी सुभाष नगर में रह रही थी। वृद्ध महिला का मौत शुक्रवार को हो गया था। जब महिला के परिजनों की जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने उसका दाह-संस्कार कराया।

### मृतक के परिजन को दी खाद्य सामग्री

**खलारी।** मायापुर पंचायत के चिनाटॉंड़ निवासी अत्यंत गरीब परिवार के मुखिया का असामायिक देहांत हो जाने के कारण परिवार के सदस्यों के बीच सहायता स्वरूप खाद्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर अनिल कुमार गंझू, प्रीतम साहू, जितेंद्र भारतीय, शशि प्रसाद साहू, कुलदीप साहू, महेंद्र गंझू, रमेश गंझू गुड्डू गंझू मौजूद थे।

---

चार-पांच की संख्या में आये अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# बीएसएनएल ऑफिस में मुंशी को बंधक बना कर लूट ली मशीन

**मशीन की कीमत है पांच लाख रुपये**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ओरमांझी में अपराधियों द्वारा एक कर्मी को बंधक बना कर लगभग पांच लाख रूपए की डीजी मशीन लूट कर ले गए। शुक्रवार रात एक बजे के करीब हुई घटना के संबंध में बताया गया कि चार-पांच की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने सबसे पहले ऑफिस में सोए ईटीआर पेच वर्क के मुंशी गौतम तिवारी को कब्जे में किया। उसे मारपिट करते हुए एक कमरे में बंद कर वहां दिए। वहीं कमरे में रखे केबलिंग के दौरान जमीन के अंदर देखने वाले (डीजी) मषीन लूट कर ले गए। वह पुलिस व किसी अन्य को घटना की सूचना नही दे सके, इसके लिए उसके मोबाइल फोन भी लूट कर ले गए। सुबह पांच बजे के करीब केबलिंग का कार्य करने मजदूर पहुंचे और बाहर से दरवाजा खोला। जिसके बाद मुंशी कमरे से बाहर आ सका। उसके पिठ में चोट का निषान भी है। बताया गया कि क्षेत्र में बीएसएनएल का ईटीआर का कार्य चल रहा है। कार्य करा रहे वेंडर का मुंशी बीएसएनएल ऑफिस में ही रहता है। अपराधियों द्वारा उसके मोबाइल लूट लिए जाने के कारण वह कंपनी को घटना की सूचना भी नही दे सका है। बताया कि कंपानी के मालिक को जानकरी दने के बाद ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराई जाएगी।



बीएसएनएल के इसी ऑफिस में हुई लूट की घटना।

---

### अलग-अलग स्थान में वज्रपात से दो की मौत

**चान्हो।** थाना अंतर्गत दो स्थानों पर हुई वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई। घटना अपराह्न चार बजे की है। बताया जाता है कदम टोली निवासी 27 वर्षीय हकिम अंसारी अपने घर से आधा किलोमीटर दूर खेत में अपने पशुओं को चरने के लिए बांध दिया था। इसी बीच बारिश होने लगी और अपने पशुओं को लेकर अपने घर वापस आ रहा तभी जोर से बिजली चमकी और हकिम को अपने चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हकीम खेतीबारी कर जीवन यापन करते थे। पत्नी सहित उनकी दो छोटी-छोटी बेटी है। वहीं दूसरी घटना ठीक उसी समय की है ताला निवासी देव चरण महतो कि 45 वर्षीय पत्नी शीला देवी घर के निकट ताला स्कूल गेट के बगल में खड़ी थी और अचानक बिजली चमकी और शीला देवी को चपेट में ले लिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अपने अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मौतक के बाद गांव में चारो तरफ मातम छाया हुआ है।

---

## गेतलसूद डैम में केज में पल रहीं 60 क्विंटल मछलियां मरीं



**सिकिदिरी।** गेतलसूद डैम में केज में मछली पालन कर रहे गेतलसूद मत्स्यजीवि सहयोग समिति के करीब 60 क्विंटल तेलपिया प्रजाति की मछली की अचानक मौत हो गई। मृत मछलियों का वजन 600 ग्राम से लेकर तीन किलोग्राम तक है। समिति के सचिव मत्स्यपालक भोला महतो ने बताया कि कुल आठ केज में सभी मछलियां पाली जा रही थीं। शनिवार की सुबह अचानक मछलियां मर गई। उन्होंने बताया कि मछलियों का अनुमानित मूल्य करीब 10 से 12 लाख रुपये है। बताया कि केज में करीब 20 से 25 किलोग्राम कतला प्रजाति की मछली का भी पालन किया जा रहा है। वह बिलकुल सुरक्षित है। मछलियों की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। मरी हुई सभी मछलियों को डैम के किनारे ही दफनाया गया है। समिति में 12 मछली पालक जुड़े हुए हैं। मछली पलकों ने बताया कि उनकी जमा पूंजी ही खत्म हो गई है। जानकारी मिलने पर भाजपा नेता संजय नायक व उप मुखिया शंकर बैठा वहां पहुंचे। बड़ा नुकसान बताते हुए उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

---

## ओरमांझी : क्रशर संचालकों संग बैठक के बाद ट्रक-हाइवा मालिकों की हड़ताल खत्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** रांची जिला के विभिन्न थानों में वाहनों से वसूली व क्रेषर मालिकों द्वारा भेद-भाव किए जाने से नाराज प्रखंड क्षेत्र के सभी ट्रक व हाइवा मलिकों का हड़ताल समाप्त हो गया है। अंचल मैदान में अपनी-अपनी वहनों को खड़ा कर सप्ताह भर से हड़तल कर रहे वाहन मलिकों ने मांगे नही माने जाने पर विष्वकर्मा पूजा अंचल मैदान में ही सामूहिक रूप से करने की भी तैयारी की जा रही थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को बैठक में पहुंचे राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के ने क्षेत्र के क्रेषर संचालकों से कहा स्थानीय लोगों को प्रथमिकता मिलना चाहिए। वाहन मलिकों की मंग पर अब क्रेषर संचालक किसी भी वाहन में ओवर लोडिंग नही करेगें, और लोडिंग के बाद सभी वाहनों को चालान भी देंगे। वहीं आदित्य साहू ने ग्रामीण एसपी से बात कर वाहन मालिकों की समस्या से अवगत कराया और कहा लोग ट्रक लेकर रोजगार से जुड़े हैं। ट्रक व हाइवा मालिकों को परेषान करना ठिक नही। आदित्य साहू ने सभी वाहन मलिकों से भी कहा सभी अपने वाहन का पेपर अपडेट रखें। कहा थाना से अब परेशानी नहीं होगी। हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी लोगों अपने-अपने वाहन को अंचल मैदान से हटा लिए। अब सभी विष्वकर्म पूजा अपने घरों में ही करेंगे।



क्रशर संचालक व वाहन मलिकों की बैठक में उपस्थित आदित्य साहू।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर ट्रक एसो. ओरमांझी के अध्यक्ष कृष्णा साहू, सचिव इसराफिल अंसारी, कोषाध्यक्ष सुभम स्वरुप उर्फ हैप्पी, उपाध्यक्ष अमित कुषवाहा, क्रशर संचालक व वाहन मलिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

---

### विधायक ने रखी विकास योजनाओं की आधारशिला

**चान्हो।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत मे शनिवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई। मौके पर चटवल पंचायत के मसमानो स्थित राजकीय मध्य विधालय एवं चामा पंचायत के बलथरवा स्थित बलथरवा प्राथमिक विधालय मे दो-दो अतिरिक्त कमरा, पतरातू मे धुमकुड़िया भवन एवं चोरया पंचायत के बगीचा टोली और उरांव टोली मे मसना स्थल चाहरदिवारी का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के बाद विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा विद्यालय में बच्चों को जो दिक्कत पढ़ाई करने मे आती थीए।अब दो कमरा के निर्माण के पश्चात बच्चों को दिक्कतो का सामना नही कर पड़ेगा। और उन्होंने कहा कि आज हम सबको अपने धर्म स्थल सरना मसना को संरक्षण करने की जरूरत है तब जा के हमारा धरोहर स्थल बचेगा। इसके लिए हमें सजग रहा पड़ेगा।

---

## रातू : कमड़े के ग्रामीणों ने की पत्थलगड़ी



**उत्साह का माहौल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** आदिवासी समुदाय में पारंपरिक व्यवस्था और धरोहर को बचाने की कसमसाहट है। समाज के युवाओं ने इसे चिन्हित और सुरक्षित रखने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में शनिवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अगुआई में कमड़े के ग्रामीणों ने अदिवासियों की परंपरागत स्थानों में पत्थलगड़ी की गयी। इसमें नीचेटोली, देवी मंडप की इंदमणि जतरा खूंटा, सिंगबोंगा जतरा खूंटा, अषाढ़ी पूजा खूंटा, डहुगड़ा खूंटा व आश्रम में बाबा की समाधि स्थल शामिल है। इस दौरान गांव के युवा और महिलाएं बेहद उत्साहित दिखे। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, शिवा कच्छप, मुखिया नीलम तिर्की, सरपंच सुरेंद्र कच्छप, ग्राम प्रधान राजेश लकड़ा, राजेश मुंडा, राजू मुंडा, सुखदेव मुंडा, पाहन लालू मुंडा, नीतीश लोहरा, अविनाश लोहरा व शंकर मुंडा आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**चलाया जायेगा अभियान**

पूर्व जिप सदस्य और सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर ने बताया कि पत्थलगड़ी के लिये क्षेत्र में अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि करमा महोत्सव के बाद इसकी शुरूआत बिजुलिया पंचायत के हेहल से की जायेगी। श्री उरांव ने पंचायत प्रतिनिधि और समाज के युवक-युवतियों सेआदिवासी परंपरा व संस्कृति को अक्षुण रखने का आह्वान किया है।

---

## नगड़ी के होटवासी तालाब में डूबे दो बच्चे, एक की मौत दूसरे के शव की खोज जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के होटवासी तालाब में शनिवार को गांव के ही दो बच्चे की डूबने की सूचना गांव वालों को मिली गांव के लोग और परिजन होटवासी तालाब पहुंचे और आनन फानन तालाब में डूबे एक बच्चे को निकाला गया, जो गांव के ही भोला सिंह का 7 वर्षीय पुत्र प्रितम सिंह था। इसे ग्रामीणों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बच्चा सीता राम प्रमाणिक का लगभग आठ वर्षीय पुत्र आलोक प्रमाणिक तालाब में ही है। अभी तक इसका कुछ पता नहीं चला है, जिसे ढूढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार पहुंचे और घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी गई तथा धुर्वा स्थित एनडीआरएफ की टीम को सूचना देकर बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण वे लोग कल दस बजे घटना स्थल पहुंचेंगे। इधर ग्रामीण अपने स्तर से आलोक प्रमाणिक को निकलने का प्रयास कर रहे हैं।



डूबे हुए बच्चे की फाइल फोटो।

---

## पति ने पत्नी को कुएं में डूबाकर मार डाला

● पत्नी को कुएं में धकेला फिर खुद कुएं में कूद पानी में दबोच कर की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के कादोजोरा गांव में शनिवार की सुबह करीब नौ बजे पति ने अपनी पत्नी को कुआं में डूबो-डूबो कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान 33 वर्षीया महिला नूर फातमा के रूप में हुई है। इस संदर्भ में मृतका की गोतनी शमा खातून के बयान पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर ग्रामीणों व परिजनों ने थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम को बताया कि नूर फातमा शनिवार की सुबह नौ बजे बर्तन धोने के लिए घर के पास कुआं से पानी खींच रही थी कि उसका पति उसे कुआं में धकेल दिया। कुआं में गिरने के बाद पत्नी बचाने के लिए चिल्लाने लगी, लेकिन उसका पति उसे बांस से नीचे डूबाने लगा। वहीं आवाज सुनकर नूर फातमा की गोतनी शमा खातून कूआं के पास पहुंची तो देखा कि नूर फातमा कूऐं में गिरी हुई है। साथ ही उसने आसपास के लोगों से उसे बचाने के लिए शोर मचाया। इसी दौरान पति ने कूआं में छलांग लगा दिया। साथ ही कूआं के अंदर अपनी पत्नी को डूबो डूबोकर उसकी हत्या कर दिया। इसके बाद वह कूआं से निकलकर जाने लगा। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों ने उसे धर दबोचा। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

**पकड़ा गया आरोपी पति**

थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि पुलिस आरोपी को हिरासत में ले लिया है। साथ ही पूछताछ और अग्रतर कार्रवाई करने में जुटी है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी लिया।

### दिव्यांगों को दिये गये उपकरण

**ओरमांझी।** प्रखंड संसाधन केन्द्र ओरमांझी में शनिवार को समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत एक कार्यक्रम आयोजित कर 0-3 से 18वर्ष के दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि बीइइओ सीमा कुमारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन की और 11 दिव्यांग बच्चों को सहायक सामग्री प्रदान की। कहा दिव्यंग बच्चों को स्नेह की जरूरत होती है। वहीं षिविर में पहुंचे 35 बच्चों की जांच कानपुर के चिकित्सक डा. हरिषचंद्र, डा. तापस प्रधान व डा. चंद्रमौली पांडे द्वारा बच्चों की दिप्यांगता जांच की। वहीं जरूरत मंद बच्चों को व्हील चेयर, ट्राइ साईकिल, पीएलएम कीट व वाकर आदि दी गई।

---

### एक नजर में

### स्वास्थ्य मेले में 550 लोगों की हुई जांच



**इटकी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शनिवार को इटकी के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर 550 लोगों की निशुल्क जांच कर दवा दी गयी। मेला का उदघाटन प्रमुख किरण उरांव व उप प्रमुख परवेज राजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेला में अलग-अलग स्टॉल लगाकर नेत्र रोगए ब्लड प्रेशर, मधुमेह, टीबी, दंत चिकित्सा, लेप्रोसी, मलेरिया व सामान्य रोगों का जांच किया गया। मेले में महुआ जाड़ी के पंचू उरांव (42 वर्ष) को टीबी किट उप प्रमुख के हाथों दिया गया। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, प्रबंधक अमित लाल, प्रभारी डॉ सुमित्रा कुमारी, डॉ काजल सिंह, डॉ कुसुम लता सिंह, डॉ राजीव रंजन व डॉ अर्चना प्रिया, डॉ रिजवाना के अलावा अबरार इमाम, मुखिया रीता देवी, पुष्प लता तिग्गा व स्वेता सहित अन्य शामिल थे।

### बीएसएफ ने किया कैंटीन का उद्घाटन

**अनगड़ा।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक सेरिंग दोरजे ने एसएसबी अनगड़ा कैम्पस के दौरे के क्रम में जवानों के लिए नवनिर्मित जलपान कैंटीन का उद्घाटन किया। मौके पर वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने उन्हें वाहिनी परिसर में पिछले कुछ दिनों में निर्मित अधिकारी क्लब एसएसबी शहीद वाटिका झारखण्ड पुलिस शहीद वाटिका शिवाजी हाउस बार्बर लौंज आदि का भ्रमण भी कराया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट जेके शर्मा कमांडेंट एएफ खान द्वितीय कमान अधिकार सचिन कुमार मौजूद थे।

---



बगैर तिरपाल के हाइवा से हो रही कोयला ढुलाई।

## हाइवा को तिरपाल से ढंके बगैर हो रही कोयला ढुलाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** बीकेबी ट्रांस्पोटिंग कंपनी द्वारा संचालित कोयला वाहन पर बिना तिरपाल ढके ही कोयला का ढुलाई किया जा रहा है। कंपनी और सीसीएल अधिकारियों की साठगांठ से नियम-कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अशोका से मोनेट कोलवाशरी तक हाइवा डंपर से बिना तिरपाल ढके लाया जाता है। ओवर लोडिंग होने से कोयला का टुकड़ा सड़कों पर गिरता जाता है। इससे वायु प्रदूषण होता है, जो कई बीमारियों का कारण होता है। वही इस संबंध में कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय संयोजक प्रदीप भोगता ने बताया कि अशोका परियोजना से कोयला उठकर मोनेट तक बिना तिरपाल ढके डंपर से कोयला का ढुलाई करना कंपनी की मनमानी है। उन्होंने कहा कि इसमें सीसीएल प्रबंधन और कंपनी के अधिकारियों की मिलीभगत है। कहा कि इस तरह से कोयले की ढुलाई होने से कोयले का डस्ट सड़क पर गिरता है और वहीं बड़ी बीमारी का कारण बनता है। सीसीएल प्रबंधन इसे नहीं रोका तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

## पिपरवार थाना क्षेत्र के नौ गांवों के ग्रामीणों की हुई ग्रामसभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के नौ गांव के ग्राम सभा कारो बन्हे लुकिया मंडेर चौड़ा तरवां झुलनडिहा करमटांड़ सरैया के ग्रामीणों की एक समीक्षा बैठक शनिवार को मंडेर ऑफिस में किया गया है। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार उरांव और संचालन बालेश्वर उरांव ने किया। बैठक को संबोधित करते रूपलाल कुमार महतो ने कहा कि वन संरक्षण ;संशोधनद्ध विधेयक 2023 हमारा हकमारी कानून है और बिना ग्राम सभा के अब कार्पोरेट घरनों उद्योग हेतु जबरन जमीनें लेने में आसानी होगी जिससे सभी गांव प्राभावित होगे और पर्यावरण को खतरा बढ़ जाएगा। सभी गांवों के ग्राम सभा द्वारा निर्णय लिया विवादित कानून को सभी ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक और जिला मे इसका विरोध किया जाएगा। इस बैठक मे जोधन महतो प्रियंका देवी शर्मिला देवी फुलमनी देवी मनोज उरांव शुशील टोप्पो सहदेव रंजिता देवी सीता देवी रूपलाल महतो मौजूद थे।

---

# समाज में धार्मिक चेतना की जरूरत : संगीता तिर्की

**करम पूर्व संध्या में जीवंत हुई अखरा की परंपरा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड परिसर में शनिवार को प्रकृति पर्व करम पूर्व संध्या मनाया गया। पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से आयोजित महोत्सव के दौरान खोड़हेधारियों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। उत्साहित युवक.युवती मांदर की थाप पर थिरक उठे। गीत-नृत्य से अखरा की परंपरा जीवंत हो उठा। अलाशा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। समारोह में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक एकता की मिसाल कायम किये। प्रमुख संगीता तिर्की खास मेहमान थीं। उन्होंने समाज में धार्मिक चेतना लाने और शिक्षा पर विशेष जोर दिया। संचालन मुखिया कमल खलखो ने किया।



**समारोह में इन्होंने लिया हिस्सा**

मुकेश भगत, सुरेंद्र कच्छप, कुशल उरांव, नीलम कुमारी, खुशबू खलखो, बिक्रम उरांव, संजू देवी, रीता कांसी, रेणु कुमारी, नगिया, सलगी, राकेश, गीता देवी, अनिता देवी, अनिमा तिग्गा, अनिता देवी, दिनेश उरांव, शिल्पा कच्छप, महावीर उरांव, फुलकुमारी देवी, लक्ष्मी भगत, इमरान खान, बेलाल अंसारी, मियांजान अंसारी, देविया उरांव, अनीसुरहमान, तैयब अंसारी, श्रीकांत पाठक, सुबोध साहू, संजय मुंडा, सीमा देवी, राकेश चौधरी, संजीव तिवारी, हाजी मंसुर, हुसे उरांव, प्रदीप महतो, चमरा मिंज, चंद्रनाथ उरांव, सुजाता मिंज व संतोष उरांव आदि शामिल थे। सभी मांदर की थाप पर झूमकर नाचे।

**इन्होंने भी रखीं अपनी बातें**

नारायण उरांव, सुषमा तिर्की, रियाजुल अंसारी, ज्योति भगत, मेरी भगत, सोनी भगत, सविता तिर्की, बिक्की लोहरा, लीला तिर्की, फुलमनी देवी, अनिल तिर्की, परिना कच्छप, कमल खलखो, महेश्वरी देवी, सुनीता देवी, जयश्री उरांव, अहिल्या, सुखदेव उरांव, जितेश्वर मुंडा व नीलम तिर्की ने विलुप्त होती संस्कृति पर चिंता जतायी।

## स्पीड न्यूज

### लादी में शिव की प्रतिमा क्षतिग्रस्त



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लादी गांव में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित शिव परिवार मंदिर में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा को आसामाजिक लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने घटना की घोर निंदा करते हुए बताया कि आपसी सहमती पर प्रत्येक दिन गांव के एक परिवार को मंदिर की साफ-सफाई का काम करना होता है। शनिवार को गांव की सुभागो देवी श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की साफ-सफाई के बाद शिव परिवार मंदिर में साफ-सफाई करने गई। साफ-सफाई के दौरान उनकी नजर भगवान शिव के प्रतिमा पर पड़ी। जहां उन्होने देखा की प्रतिमा के सर के पीछे लगा चक्रनुमा आकर टुटा हुआ है। साथ ही प्रतिमा अपने स्थान से उखड़ गया है। इसके बाद उन्होने तत्काल स्थानीय लोगो को घटना से अवगत कराया। घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली दर्जनों की संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंच गये। जहां लोगो ने एक स्वर में घटना की घोर निंदा की। इधर घटना की सूचना के बाद भदानीनगर पुलिस मंदिर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही पुलिस ने दोषी पर कानूननी कारवाई करने का आश्वासन दिया।

### कुजू में भाजपा ने किया मिट्टी संग्रह



**कुजू।** भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न जगहों पर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने सांडी एवं दिगवार में मिट्टी संग्रह करते हुए नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। बाद में कहा कि देश के अंदर जी 20 जैसे आयोजित महासम्मेलन से भारत का विश्व के अंदर मान -सम्मान बढा है। मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में सुनील प्रसाद साहू, हरि कुशवाहा, नीरज झा, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, नरोत्तम सिंह, संतोष शर्मा, राजेश प्रजापति, रंजीत प्रसाद, विजय गिरी,राहुल केसरी आदि शामिल थे।

### विधायक ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण



**रामगढ़।** विधायक सुनीता चौधरी ने शनिवार को सदर अस्पताल रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में कई डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी, होमगार्ड के जवान अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही और रामगढ़ वासियों के जिंदगी से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में कई मरीजों से भी मिली, प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिलाओं का हाल-चाल भी जाना। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया और अनुपस्थित पाए गए सभी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया । उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र वासियों को बेहतर स्वास्थ मिले, इसके लिए लगातार प्रयासरत रहूंगी। मौके पर जिप सदस्य डीएम महतो, आजसू जिला कोषाध्यक्ष किसुन राम मुंडा, सुजीत कुमार महतो, संजय बनारसी सहित कई शामिल थे।

### नियमों का पालन करते चलाएं वाहन : डीटीओ



**रामगढ़।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी ने शुक्रवार को जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे वाहन चलाते समय वाहन के जरूरी दस्तावेज साथ रखें, वाहन का इंश्युरेंस समय पर करवाएं हेलमेट का प्रयोग करें, पाहन पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान पर ही वाहन की पार्किंग करें। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि यदि लोग इन निर्देशों का पालन करेंगे तो उन्हें किसी भी तरह की परेशानी नही होगी। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि वाहन चलाते समय लोग ट्रैफिक नियमों के पालन का भी ख्याल रखें। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि यदि लोग नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायेंगे तो यह उनके ही हित में होगा और उन्हें कभी भी किसी तरह की परेशानी नही होगी। बेहतर होगा कि लोग नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।

### रामगढ़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान



**रामगढ़।** शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के नेतृत्व में रामगढ़ शहरी क्षेत्र में बृहद रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुख्यालय, छावनी परिषद रामगढ़ के अधिकारियों, अन्य प्रशासनिक/ पुलिस अधिकारियों पुलिस बल के जवानों के द्वारा अभियान चलाते हुए अवैध रूप से सड़क के अगल-बगल संचालित दुकानों आदि को हटाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि जिले में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने, स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत साफ-सफाई बनाए रखने एवं आगामी पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था सुचारू रूप से संधारित करने के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है जो की आने वाले समय में भी इसी तरह चलाया जाएगा।

### आकाश ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा का लाल आकाश दास ने 16वीं झारखंड स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर माता-पिता, परिजन व कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। पटेलनगर निवासी सीसीएल कर्मी प्रभास दास व परमजीत दास का पुत्र आकाश दास ने बोकारो जैन मोड़ स्थित सेमफोर्ड इंटरनेशनल एकडमी में खेले गए 16वीं झारखंड बॉक्सिंग चैंपियनशिप का 14 से 16 सितंबर तक सीनियर 70-80 किग्रा वजन के बीच मैच खेला गया। जिसमें 14 सितंबर को फस्ट राउंड में आकाश ने रांची को और 15 सितंबर के मैच में धनबाद को हराकर फस्ट राउंड में जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाया। वहीं 16 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम टाटा के हिमांशु सिंह को दो राउंड के खेल में आकाश ने आरएससी कर स्वर्ण पदक जीत लिया। आकाश की सफलता पर कॉलोनीवासियों सहित कोयलांचल के लोगों में खुशी का माहौल है।

# गर्भवती महिलाओं को महीने में दो बार करें जांच : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी पूरी संवेदनशीलता के साथ करें अपने दायित्वों का निर्वहन
- सदर अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों में दलालों पर रखें नजर



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समीक्षा बैठक हुई। सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध आकस्मिक सेवाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों को पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में एएनएम, सहिया आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के सभी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने महीने में कम से कम दो बार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अथवा आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा घरों तक जाकर गर्भवती महिलाओं से संबंधित जानकारी इकट्ठा करने एवं उनकी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पतरातू प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वर्तमान भवन में आधारभूत संरचनाओं की कमी के मद्देनजर जनता को हो रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पतरातु एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू को संयुक्त रूप से पतरातू प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण करने एवं प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन करने से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करते हुए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने वैसी गर्भवती महिलाओं जिन्होंने अपनी प्रसव पूर्व जांच सदर अथवा किसी अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में कराई हो लेकिन उनका प्रसव किसी निजी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में हुआ हो पर विशेष ध्यान देने एवं इससे संबंधित विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में वैसे व्यक्तियों जो की मरीजों को निजी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में अपना इलाज कराने हेतु प्रेरित करते हो उनकी सूचना तत्काल रूप से जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया।

प्रसव के दौरान माता अथवा शिशु की मृत्यु होने से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेने एवं मामले की तह तक जाकर कारण को दूर करने का निर्देश दिया वहीं प्रसव के दौरान माता अथवा शिशु की मृत्यु संबंधित वर्बल ऑटोप्सी के लंबित मामलों में उपायुक्त ने संबंधित चिकित्सकों से तत्काल रूप से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

### सदर अस्पताल के बाहर दर्द से कराहती महिला ने बच्चे को दिया जन्म



**रामगढ़।** सदर अस्पताल में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसने सबों को सोचने पर विवश कर दिया है। एक गर्भवती महिला का कमरे के बाहर फर्श पर ही प्रसव करा दिया गया। यह पूरा मामला शुक्रवार का है। पतरातू प्रखंड के बरकाकाना क्षेत्र की चांदनी देवी सास और सहिया के साथ सदर अस्पताल पहुंची। प्रसव पीड़ा से परेशान वह काफी देर तक ओपीडी में बैठी और बारी का इंतजार करती रही। ओपीडी में महिला चिकित्सक टेशू श्रीवास्तव से जब वह मिलीं तो उसने बताया कि वह अपना कार्ड लेकर नहीं आई है। चिकित्सक ने पहले अल्ट्रासाउंड कराने को कहा। महिला दर्द में चलकर अस्पताल के पुराने भवन में अल्ट्रासाउंड वाले कमरे तक गई। वहां भी कॉर्ड मांगा गया। कार्ड नहीं रहने पर अल्ट्रासाउंड कर रहीं चिकित्सक ने महिला से पैसे जमा करने को कहा और उसे वापस भेज दिया और दूसरे दिन आने की बात कही। इस दौरान दर्द से तड़प रही चांदनी देवी की पीड़ा का ख्याल किसी ने नहीं आया। सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि इसकी जांच होगी, दोषी कर्मियों के खिलाफ होगी कार्रवाई।

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज

- सकारात्मक सोंच का प्रतिफल है नमो टूर्नामेंट: मनोज यादव
- युवाओं में जूनून पैदा करने में सराहनीय योगदान: अमित यादव
- खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा : मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कटकमसांडी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट करते मनोज यादव व अन्य।

**कटकमसांडी।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 के चतुर्थ चरण में शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कटकमसांडी स्टेडियम में उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किसून कुमार यादव, स्थानीय जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, प्रमुख संगीता देवी, उपप्रमुख ममता सिंह, बीडीओ बेदवंती कुमारी द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर भव्य आगाज किया गया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हजारीबाग सदर विधानसभा सौभाग्यशाली है कि उन्हें मनीष जायसवाल जैसे जननेता मिले हैं। विधायक मनीष जायसवाल ऐसे तो सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं लेकिन विशेष कर युवाओं के प्रति उनके सकारात्मक सोच का प्रतिफल उनका यह नमो फुटबॉल टूनामेंट है जिनकी लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि सदर विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के बाहर पूरे हजारीबाग जिले के खेल- खिलाड़ियों के उत्थान और प्रोत्साहन के लिए तत्पर रहते हैं। फुटबॉल को पुर्नजीवित करने का काम जायसवाल द्वारा आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने किया है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो सिर्फ फुटबॉल टूनामेंट तक सीमित नहीं है नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी इस बार किया गया है और नमो फुटबॉल टूनामेंट को हजारीबाग विधानसभा से बाहर पूरे जिले में विस्तार करने की योजना है। मौके पर विशेषरूप से वनवासी कल्याण आश्रम के चंद्रेश्वर मुंडा, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रितलाल यादव,कटकमसांडी पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया रामकुमार मेहता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, लेखराज यादव , सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित सैकड़ों अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### हजारीबाग में तीन दुकानों से हजारों रुपये की चोरी

**हजारीबाग।** शुक्रवार देर रात लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर थाना गेट के सामने तीन दुकानों में चोरों ने हाथ साफ किया है। जिसमें खंडेलवाल हैंडलूम संचालक सुनील कुमार खंडेलवाल, आकर्षक जनरल स्टोर संचालक अमित कुमार खंडेलवाल एवं विकास भंडार संचालक सुरेश कुमार जैन के प्रतिष्ठान में चोरों ने हजारों के सामान व नकद उड़ा दिये। खंडेलवाल हैंडलूम के संचालक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर साफ नजर आ रही है, चोर सफेद कलर का शर्ट पहना हुआ था। सफेद गमछे से अपना चेहरा ढका हुआ था। छत पर लगी कोरकेट सीट को तोड़कर चोर के द्वारा दुकान में प्रवेश किया गया जिसके बाद दुकान के गले को तोड़कर करीब 7000 रुपए लेकर फरार हो गए। दूसरी प्रतिष्ठान विकास भंडार के संचालक ने बताया कि दुकान के छत को तोड़कर चोर दुकान में प्रवेश किया उसके बाद गल्ले में रखे 8000 रुपए लेकर फरार हो गया।

# पकरी बरवाडी खनन का केंद्रीय ऊर्जा सचिव और संयुक्त सचिव ने किया दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना का केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव पियूष सिंह ने दौरा किया। दोनों अधिकारी सीकरी साइट कार्यालय पहुंचे। पकरी बरवाडीह माइंस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव एवं संयुक्त सचिव ने विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से बातचीत कर आगे के प्लान को जाना। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि हमें बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करना है। माइन व्यू प्वाइंट के बाद दोनों अधिकारी डंप ए और डंप सी पहुंचे जहां पर डंपिंग से संबंधित जानकारियों को संबंधित अधिकारियों ने साझा किया। इस मौके पर डंप सी ों नए 240 टन डंपर का भी रिबन काटकर अनावरण किया जो पकरी बरवाडीह माइंस में अपनी सेवाएं देगी। ऊर्जा सचिव, संयुक्त सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने इसी मौके पर परियोजना में अपनी सेवाएं दे रही डंपर ड्राइवर से भी मुलाकात की और उन्हें प्रोत्साहन के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट किया। निरीक्षण कार्य संपन्न करने के बाद वे पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की ऑफिस सिकरी पहुंचे जहां उन्होंने एनटीपीसी के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण में भाग लिया। इस दौरे में केंद्रीय ऊर्जा सचिव एवं संयुक्त सचिव के अलावा एनटीपीसी निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) उज्जवल कांति भट्टाचार्य,ईस्टर्न रीजन द्वितीय के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार, कॉल मीनिंग हैडक्वाटर,रांची सीजीएम इंचार्ज अनिमेष जैन, पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू,केरेडारी एवं बादम कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख एवं एनटीपीसी के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर कुशवाहा समाज की बैठक



**हजारीबाग।** मेहता -कुशवाहा भवन, जुलु पार्क में शनिवार को कुशवाहा समाज के झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की बैठक बड़कागांव- विधानसभा के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पांकी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक डॉ शशि भूषण मेहता उपस्थित हुए। बैठक में 2024 में होने वाला लोकसभा एव विधानसभा के चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि जिस अनुपात में कुशवाहा समाज की जनसंख्या है ,उस अनुपात में, पार्टी में हिस्सेदारी नहीं दी जा रही है और ना ही संगठन एवं विकास में सहभागिता मिल रही है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 20-23 में रांची में कुशवाहा अधिकार महा रैली होगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा समेत कोर समिति के सदस्य उपस्थित थे। उक्तआशय की जानकारी कुशवाहा समाज के प्रदेश सचिव सह जिला प्रवक्ता जय नारायण प्रसाद ने दी।

# केंद्रीय ऊर्जा सचिव ने पीवीयूएन की समीक्षा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारत सरकार के सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल ने शनिवार को पीयूष सिंह संयुक्त सचिव (थर्मल), भारत सरकार उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य निदेशक (परियोजनाएं) तथा अध्यक्ष (पीवीयूएन) और शिवम श्रीवास्तव निदेशक (ईंधन) के साथ पीवीयूएनएल पतरातू का दौरा किया। ऊर्जा सचिव का स्वागत रवींद्र कुमार सीईओ (पीवीयूएनएल) द्वारा किया गया। इसके बाद सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति पीवीयूएन की अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सेफ्टी पार्क क्षेत्र में पौधे लगाए। सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल ने पतरातु परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे के दौरान परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य निदेशक (परियोजनाएं) व अध्यक्ष (पीवीयूएन) शिवम श्रीवास्तव, निदेशक पार्थ मजूमदार, आरईडी (ईआर-द्वितीय) रवींद्र कुमार सीईओ (पीवीयूएनएल), अनिमेष जैन, सीजीएम (प्रभारी-कोयला खनन) और पीवीयूएनएल और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी यात्रा के दौरान उपस्थित थे।यह दौरा परियोजना की प्रगति पर एक संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें सचिव पंकज अग्रवाल ने पीवीयूएनएल टीम की सराहना की और उनके समर्पण को स्वीकार किया।

### विस्थापित-प्रभावितों ने उर्जा सचिव को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा।** पीवीयूएनएल से विस्थापित प्रभावितों ने शनिवार को उर्जा सचिव पंकज अग्रवाल, ऊर्जा विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी पीयूष सिंह और डायरेक्टर ऑफ प्रोजेक्ट एनटीपीसी उज्जवल भट्टाचार्य को 19 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। मांग-पत्र में विस्थापित प्रभावितों ने कहा है कि प्रबंधन ने बिना विज्ञापन अथवा सूचना दिए विस्थापित-प्रभावितों को नजर अंदाज कर मनमाने तरीके से पीवीयूएनएल को यूपीएल में किये जा रहे बहाली के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन और चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। करीब 6500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर पूर्व पीटीपीएस का स्थापना किया गया। परंतु लगातार संघर्षरत रहने के बावजूद यहां के विस्थापितों को नौकरी, पुनर्वास नहीं मिला। कुछ लोगों को औने पौने दर पर मुआवजा दिया गया। बहुत सारे लोगों को आज तक उनके जमीन का उचित मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया।

## एक नजर में

### बरही में किसानों ने किया कृषक गोष्ठी



**बरही।** धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह के शिव मंदिर प्रांगण में किसानों ने कृषक गोष्ठी का आयोजन किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं संचालन इफको कंपनी के सीनियर मैनेजर अमित आनंद ने किया। उन्होंने नैनो यूरिया से होने वाले लाभ के संबंध में किसानों को विस्तार से बताते हुए कहा कि नैनो यूरिया स्मार्ट कृषि और जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने का एक स्थाई विकल्प है। यह उर्वरक के रूप में पौधों की नाइट्रोजन की आवश्यकता को पूरा करता है। इस कारण से नैनो यूरिया दानेदार यूरिया की तुलना में कम लागत है और अधिक प्रभावि होता है। इससे जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलता है। मौके पर फर्टिलाइजर असिस्टेंट मैनेजर भानु सिंह, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पूर्व उपमुखिया संजय प्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन, प्रकाश साव सहित सैकड़ो किसान मौजूद थे।

### बीआरसी कर्मियों के खिलाफ बीइइओ को सौंपा ज्ञापन



**बरही।** सहायक शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर बीआरसी कार्यालय पहुंचे। न्होंने पाया कि 10 :30 बजे तक एक भी कर्मी कार्यालय नही पहुंचे है और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक दांगी कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप खड़े है। जिससे रुष्ट होकर सहायक शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और समय होने के बावजूद भी बीआरसी कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों का एक दिन का मानदेय काटने एवं उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय दुबे, मनोज घोष, दीपक कुमार यादव, रंजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार,रामेश्वर रविदास, बालेश्वर कुमार, नादकिशोर पांडे सहित दर्जनों सहायक शिक्षक उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को दी गयी मोटिवेशनल क्लास



**बरही।** सीबीएसई निबंधित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नवमी व दसवीं के बच्चों को मोटिवेशनल क्लास दी गयी। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि बच्चों का मन चंचल होता है। इसलिए उनमें एकाग्रता लाने के लिए कुसी अनुभवी एवं किसी विषय के विशेष जानकर लोगों में आने की जरूरत होती है। ऐसी परिस्थिति में उन्हें किसी से प्रेरणा की जरूरत है। प्रेरणा एक कला है, इसके द्वारा उन छात्र छात्राओं के पढ़ने के प्रति रुचि उत्पन्न की जाती है। जिसमें इस प्रकार का अभाव है, जहां पर बालकों में पढ़ने की रुचि तो है परंतु उसका अनुभव नहीं है ।वहां प्रेरणा के द्वारा यह अनुभव कराया जाता है। कक्षा में छात्र पाठ के प्रति कितना जागरूक है, यह प्रेरणा पर ही निर्भर करता है। मोटिवेशनल स्पीकर दीपक झा द्वारा बच्चों को उनके कैरियर व परीक्षा को लेकर मोटिवेट किया गया।

### चरही में आम बागवानी का उद्घाटन

**चरही।** बहेरा पंचायत के विभिन्न गांवों में लगाए गए आम बागवानी का उद्घघाटन बहेरा मुखिया देवकी महतो,उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, रोजगार सेवक तालेश्वर हांसदा ने किया। मुखिया ने कहा कि खाली पड़ी जमीन हरियाली में बदल जाएगी। पंचायत के ग्राम कजरी भुरकुंडा टोला निवासी और लाभुक मारियम मुर्मू की एक एकड जमीन पर 112 ,शांति देवी के एक एकड़ में 112, मयूरनाचवा में सायबुन निशा के 50 डिसमिल में 56,गोसियाना प्रवीण,50 डिसमिल में 56,तुरी टोला में जुबेदा खातून की 50 डिसमिल में 56 और रुकसाना प्रवीण के एक एकड़ जमीन पर 112 कुल चार एकड़ 50 डिसमिल जमीन पर 504 आम बगवानी किया गया। मौके पर मुखिया देवकी महतो,उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, रोजगार सेवक तालेश्वर हांसदा, वार्ड सदस्य हदीसा खातून कई लोग उपस्थित थे।

### गणपति पूजा को लेकर समिति का गठन

**दारू।** दारू बासोबार फुटबॉल मैदान के समीप गणपति स्थान के प्रांगण में गणपति पूजा को लेकर बैठक नागेश्वर महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समिति का गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से संरक्षक नागेश्वर महतो व शिवचरण साव, अध्यक्ष राजकुमार दास, उपाध्यक्ष दशरथ दास, सचिव रौशन सिन्हा, उपसचिव नागेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष बजरंग कुमार सहाय, अंकेक्षक डा अनुग्रह नारायण शर्मा, संयोजक भैया नवजीत सिन्हा, पूजा प्रभारी शिवचरण साव व रघुनाथ महतो, व्यवस्थापक राजन सिन्हा, युवाध्यक्ष राहुल राज, मीडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, विषर्जन प्रभारी नारायण दास व किशोरी प्रसाद को चुना गया। 19 सितंबर प्रारम्भ होकर 23 सितंबर तक चलेगी । 21 सितंबर को भव्य जागरण सुदेश सिंह जागरण टीम धनबाद के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा । 22 को डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से डा अनुग्रह नारायण शर्मा, बजरंग कुमार सहाय, रौशन सिन्हा, नवजीत सिन्हा, नागेश्वर महतो,रघुनंदन महतो, शिवचरण साव, नागेंद्र सिन्हा, अंकित अनुराग, रॉकी रवानी,दशरथ दास, राहुल राज, कुंदन वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मेरा देश मेरा गांव के तहत कार्यक्रम

**चरही।** भाजपा चूरचू मंडल के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम के तहत चरही में मिट्टी संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के द्वारा किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेलउपस्थित थे ।इस कार्यक्रम प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं बहेरा मुखिया देवकी महतो,प्रखंड महामंत्री शशि साहू, विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो,आरिफ अंसारी, आशा राय,रौशनी देवी,रोहित महतो घनश्याम महतो, दिनेश महतो, अशोक तुरी,नरेश महतो,सतीश साहू, राजेश राम,सत्येंद्र नारायण सिंह, सूरज सिंह,छोटन सिंह सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बड़कागांव में वारन्टी गिरफ्तार भेजा जेल

**बड़कागांव।** पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत नामजद वारंटी को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा। गिरफ्तार वारंटी गुलशन कुमार हरिहरपुर गौर,जिला गोड्डा का रहने वाला है। इसके विरुद्ध बड़कागांव थाना कांड संख्या 269/ 22 धारा 363 भादवी एवं 8 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था जो फरारी था। एस आई संध्या कुमारी रानी एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। -

### शिव शक्ति एंटरप्राइजेज को सौंपा ज्ञापन

बड़कागांव। कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों को 75फीसदी रोजगार उपलब्ध कराने के मसले पर टीपी 5 स्थित शिव शक्ति इंटरप्राइजेज के परियोजना प्रबंधक श्यामल सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा ।रोजगार के मसले पर समिति ने कहा कि शिव शक्ति एंटरप्राइजेज में 75 फीसदी स्थानीय विस्थापितों को रोजगार सुनिश्चित नहीं करने पर बाध्य होकर धरना प्रदर्शन करने को विवश हो जाएंगे। शिव शक्ति इंटरप्राइजेज के अधिकारी ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा जितने कर्मचारियों की आवश्यकता होती है उसी अनुरूप लोगों को बहाल किया जाता है। वर्तमान में ऐसी रिक्तियां नहीं है,रिक्ति उपलब्ध होने पर समिति की मांगों पर विचार किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष मो. फयुम अंसारी, सचिव शमीम, मसकुर आलम, जब्बार, जमाल व तसलीम आलम मौजूद थे।

